प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
डा. बलविन्दर सिंह मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेन्ट का समापन

पन्तनगर। 18 मार्च 2024। विश्वविद्यालय के वेटनरी सोसाइटी, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के अन्तर्गत चल रही डा. बलविन्दर सिंह मैमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह मैच का संचालन करते हुए टूर्नामेन्ट संयोजक डा. राजीव रंजन कुमार ने बताया कि इस टूर्नामेन्ट में विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं ठेका कर्मी आदि प्रतिभाग करते है। इस वर्ष टूर्नामेन्ट में कृषि महाविद्यालय, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय, सी.आर.सी., वेटनरी ब्लू, प्रशासनिक भवन, सी. बी.एस.एच. एवं प्रौद्योगिक महाविद्यालय सहित कुल 7 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 4 टीमें, (कृषि महाविद्यालय, वेटनरी ब्लू, प्रशासनिक भवन एवं सी.बी.एस.एच.) सेमीफाइनल में पहुचीं, जिसमें प्रशासनिक भवन ने कृषि महाविद्यालय एवं सी.बी.एच.एच. ने वेटनरी ब्लू को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

प्रशासनिक भवन एवं सी.बी.एस.एच. के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसमें सी.बी.एस.एच. की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 19.1 ओवर में 103 रन पर ऑल आउट हो गयी एवं 104 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रशासनिक भवन की टीम ने मात्र 18.3 ओवर में 7 विकेट खोकर विजय प्राप्त की। प्रशासनिक भवन की ओर से सतेन्द्र कुमार ने 2 विकेट लिए एवं 20 रनों का योगदान देकर मैन ऑफ दी मैच रहे। वही प्रशासनिक भवन के नीरज कुमार मैन ऑफ दी सीरिज रहे जो पूरे टूर्नामेन्ट में सर्वाधिक 160 रन बनाए। बैस्ट बॉलर का पुरस्कार भी प्रशासनिक भवन के ललित जोशी को दिया गया, जिसने पूरे टूर्नामेन्ट में सर्वाधिक 10 विकेट लिए। फाइनल मैच में उपस्थित मुख्य अतिथि डा. ओम प्रकाश, अपर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण ने विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया साथ में स्व. डा. बलविन्दर सिंह के कनिष्ट पुत्र डा. गुरूतेज ने परिवार की ओर से विजेता टीम को नकद रू. 11000.00 एवं उप विजेता टीम को रू. 5100.00 देकर सम्मानित किया। डा. ओम प्रकाश ने वेटनरी सोसाइटी, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय पंतनगर एवं आयोजन समिति को इस सुन्दर आयोजन के लिए बहुत–बहुत बधाई देते हुत कहां कि हर वर्ष इसका आयोजन होना चाहिए, जिससे विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षक, कर्मचारी आदि में खेल भावना एवं प्रेम भाव बना रहे। मैच का संचालन टूर्नामेन्ट संयोजक डा. राजीव रंजन कुमार द्वारा किया गया। वही स्टाफ काउन्सलर डा. मीना मृगेश, टूर्नामेन्ट सह–संयोजक डा. सुधीर कुमार एवं सुभाष चन्द्र, टूर्नामेन्ट सदस्य श्री संजय बोरा, श्री शशांक शर्मा, श्री खेम सिंह सहित समस्त टीमों के कप्तान आदि उपस्थित रहें।

विजित टीम को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।